समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्या :................................/सम्बद्वता/2018

दिनांक :..................................................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त अनुदानित महाविद्यालय,
लखनऊ।

**विषय : सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों एवं उनमें अनुमोदित स्ववित्तपोषित शिक्षकों के सम्बन्ध में दिनांक 31.01.2018 को आहूत बैठक में प्रतिभाग करने के सम्बनध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, इलाहाबाद के पत्र संख्या : डिग्री विकास/1638–400/2017–18, दिनांक 12.01.2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से आहूत की जाने वाली बैठक के क्रम में कतिपय बिन्दुओं पर दिनांक 25.01.2018 तक आख्या उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 के उपर्युक्त संदर्भित पत्र दिनांक 12.01.2018 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय से **सम्बन्धित सूचना अभिलेखीय साक्ष्यों सहित दिनांक 22.01.2018 तक क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ को एवं उसकी एक प्रति इस कार्यालय को भी विशेष वाहक के माध्यम से प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

भवदीया

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)

संख्या : AF-754-57 दिनांक : 16/01/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अनुदानित सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली वांछित सूचनायें प्राप्त कर निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 को प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त अनुदानित सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
5. गार्ड फाईल।

Bmishra

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)